# कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना प्रेमनगर
# जिला सूरजपुर (छ0ग0)

क्रमांक / 485 / स्था0 / बाविपरि. / 2026–27 प्रेमनगर, दिनांक : 01 / 09 / 2026

## / / दावा आपत्ति / /

छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, दाउ कल्याण सिंह भवन, रायपुर के आदेश क्रमांक / 728 / 1098 / 2008 / मबावि / 50 रायपुर दिनांक 02–04–2008 के नियम 13 (1), (2). (3).(4). (5). (6) में दिये गए प्रावधन के अनुसार एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना प्रेमनगर अन्तर्गत विज्ञप्ति क्रमांक / 222 दिनांक 10.06.2026 के द्वारा आं0बा0केन्द्र (1) लक्ष्मीपुर (2) बनखेतापारा, नवापाराकला (3) चारपारा, नवापाराकला (4) परसापारा, भगवानपुर (5) सलेहवापारा, अन्नपूर्णा में सहायिका पद हेतु तथा विज्ञप्ति क्रमांक / 351 दिनांक 20.07.2026 के द्वारा आं0बा0केन्द्र उरांवपारा, मंहगई में आं0बा0 कार्यकर्ता पद पर पदपूर्ति हेतु विज्ञापन जारी कर पात्रताधारी उम्मीदवारों से आवेदन–पत्र नवीन ऑनलाईन भर्ती वेबपोर्टल https://aww.e-bharti.in के माध्यम से आमंत्रित किये गये थे। तदनुसार परियोजना कार्यालय प्रेमनगर द्वारा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन समिति के जांच उपरांत समिति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 एवं सहायिका के 05 पदो हेतु तैयार किये गये अनंतिम मूल्यांकन पत्र परिशिष्ठ–4 (प्राविधिक सूची) का प्रकाशन ऑनलाईन वेबपोर्टल https://aww.e-bharti.in पर, बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रेमनगर एवं जनपद पंचायत कार्यालय प्रेमनगर के सूचना पटल पर आज दिनांक 01.09.2026 को प्रकाशित किया जा रहा है। जिन उम्मीदवारों द्वारा आ.बा. कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पद हेतु आवेदन किया गया है, प्रकाशित सूची का अवलोकन करें एवं प्रकाशित सूची में यदि किसी आवेदिका को दावा अथवा आपत्ति हो तो दिनांक 01.09.2026 से 10.09.2026 तक सायं 5:30 तक दावा आपत्ति उपरोक्त ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**टीप :– निर्देशित किया जाता है कि दावा–आपत्ति केवल ऑनलाईन आवेदन–पत्र के समय प्रस्तुत मूल दस्तावेजों के आधार पर ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी प्रकार का नवीन अथवा अतिरिक्त दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा। अतः अभ्यर्थी अपने मूल अवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें तथा कोई नवीन दस्तावेज संलग्न न करें।**

01/09/26

परियोजना अधिकारी,
एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना
प्रेमनगर जिला–सूरजपुर(छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 486 / स्था0 / बाविपरि. / 2026–27 प्रेमनगर, दिनांक : 01 / 09 / 2026

**प्रतिलिपि –**

1. कलेक्टर महोदय, जिला सूरजपुर को सादर सूचनार्थ।
2. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सूरजपुर को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत प्रेमनगर । (नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु)
4. माननीय महिला एवं बाल विकास समिति प्रेमनगर को सूचनार्थ।
5. खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड प्रेमनगर को सादर सूचनार्थ।
6. खण्ड चिक्तिसा अधिकारी विकास खण्ड प्रेमनगर को सूचनार्थ।
7. सर्व संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक, ........................ , प्रेमनगर (ग्राम पंचायत के सूचना पटल में चस्पा हेतु)।
8. सर्व संबंधित सरपंच / सचिव ..............................विकास खण्ड प्रेमनगर। (कोटवार से मुनादी हेतु)।

01/09/26

परियोजना अधिकारी,
एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना
प्रेमनगर जिला–सूरजपुर(छ.ग.)

